



दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 129/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 16 दिसंबर 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




अरब दुनिया के सबसे पुराने स्वतंत्र राज्य ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अपनी पहली राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। आज सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

# विजय दिवस: मोदी ने 1971 की जंग के शहीदों को याद किया, रक्षा मंत्री ने वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विजय दिवस (16 दिसंबर) के मौके पर 1971 की भारत-पाक जंग में शहीद हुए जवानों को याद किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के वॉर मेमोरियल पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजनाथ सिंह के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी मौजूद थे।



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- आज विजय दिवस पर हम सभी बहादुर नायकों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने 1971 में जीत सुनिश्चित की और भारत की सेवा की। उनकी वीरता देश के लिए गर्व का सोर्स है। उन जवानों का बलिदान हमेशा लोगों के दिलों में और हमारे राष्ट्र के इतिहास में अंकित रहेगा। आज हमारा देश उन शहीदों के साहस को सलाम करता है।

इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर 1971 के जंग के नायकों को सलाम किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

इसके अलावा जम्मू के बलिदान स्तंभ पर मेजर जनरल गौरव गौतम ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा- 1971 में जिन्होंने लड़ाई लड़ी उनके बलिदान की वजह से आज हमारा देश प्रगति के रास्ते पर है। मैं सभी को विजय दिवस की शुभकामनाएं देता हूं।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कहा-

## आज पराक्रम की पराकाष्ठा का दिन





**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल में स्तिथ शौर्य स्मारक पहुंचकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने शौर्य स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर 1971 भारत पाकिस्तान युद्ध की स्मृति में देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व मंत्री विजय शाह भी मोजूद थे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि आज भारत के गौरव का दिन है। आज सेना ने पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांट दिया था। आज पराक्रम की पराकाष्ठा का दिन है। सेना के तीनों अंगों ने आज पराक्रम दिखाया था। हमारी सेना ने पाकिस्तान की 93 हजार -सैनिकों को बंधक बना लिया था। चंगेज खान के प्लान को भारतीय सेना ने ध्वस्त कर दिया था। आज के दिन हम अमर शहीदों को स्मरण कर रहे हैं। जिन्होंने हमें यह गौरवशाली दिन दिया है उन्हें नमन।

सांध्यप्रकाश विशेष

## धोनी की याचिका पर आईपीएस अफसर को जेल

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तरफ से दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में शुक्रवार को मद्रास हाई कोर्ट ने भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी जी संपत कुमार को 15 दिन जेल की सजा सुनाई। बेंच ने फ़िलहाल 30 दिन के लिए सजा निलंबित की है, ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके।



एमएस धोनी ने सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के खिलाफ कथित रूप से अवमानना वाले बयान देने के लिए आईपीएस अधिकारी के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराया था। धोनी ने सट्टेबाजी में अपना नाम लिए जाने को लेकर 2014 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। उन्होंने 100 करोड़ रुपए क्षतिपूर्ति की भी मांग की थी।

इस मुकदमे पर दायर संपत कुमार के न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिए उन्हें दंडित करने का आग्रह किया गया था। पीठ ने कहा कि संपत ने जानबूझकर अदालत को बदनाम करने और इनके अधिकार को कम करने का प्रयास किया है। न्यायमूर्ति एसएस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने कहा कि सजा 30 दिनों के लिए निलंबित रहेगी, ताकि पुलिस अधिकारी फैसले के खिलाफ अपील कर सकें। अपने खिलाफ धोनी के मानहानि के मुकदमे पर अपनी लिखित 17 दिसंबर, 2021 की प्रतिक्रिया में, संपत कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय के खिलाफ आक्षेप लगाए जिन्हें क्रिकेटर ने उजागर किया था।

### एमएस धानी की याचिका में ये आरोप

धोनी की अवमानना याचिका में कहा था कि संपत कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में कानून के शासन पर अपना ध्यान भटकाया और न्यायमूर्ति मुद्गल समिति (2013 मैच फिक्सिंग के आरोपों की जांच के लिए गठित) के बयान को रोक दिया और इसे सीलबंद लिफाफे में रखा। याचिका में कहा गया है कि संपत कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट का मकसद सीबीआई अधिकारी विवेक प्रियदर्शिनी को जांच के लिए सीलबंद कवर उपलब्ध नहीं कराना था। धोनी की याचिका में आरोप लगाया गया है कि आईपीएस अधिकारी ने तमिलनाडु के महाधिवक्ता के कार्यालय सहित अदालत के नामित वरिष्ठ वकीलों के खिलाफ झूठे आरोप लगाते हुए हाई कोर्ट का अपमान किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रदेश-केंद्र सरकार के लोकप्रिय कामों को हम जनता तक पहुंचाना चाहते हैं: यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज उज्जैन में भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस यात्रा को लेकर कहा कि पीएम मोदी चाहते हैं कि हम और अच्छा काम करें। उन्होंने लगातार काम के प्रति, विकास के प्रति, जो हमको दृष्टि दी है उससे भारत की स्थिति पूरे विश्व में बहुत अच्छी हुई है। प्रदेश सरकार - केंद्र सरकार के लोकप्रिय कामों को हम जनता तक पहुंचाना चाहते हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार की योजनाओं का लाभ नए लोगों को मिले यह हम कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए हम लगातार बैठकें ले रहे हैं दिशा निर्देश दे रहे हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। शहर में रोड शो भी निकालेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत उज्जैन के दशहरा मैदान से हो रही है। कार्यक्रम में वे दो हितग्राहियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली संवाद भी करेंगे। यात्रा शहर और हर पंचायत में जाएगी। 10 हजार की आबादी पर एक कार्यक्रम होगा। दशहरा मैदान से छत्री चौक तक होने वाले रोड शो के लिए रास्ते में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए हैं। रोड शो के लिए शहर में कई रूट डायवर्ट किए गए हैं। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए एक रथ तैयार किया गया है। इसके जरिए जन कल्याण की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। मध्यप्रदेश में यात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यात्रा के बाद शहर में कई जगह शिविर लगाए जाएंगे। पीएम स्व निधि के हितग्राहियों से प्रधानमंत्री बात भी करेंगे। यात्रा का समापन 26 जनवरी 2024 को होगा।

### जज की कार छीनने का मामला: सीएम डॉ. यादव ने कहा- पुलिस जल्दबाजी न करे

**भोपाल।** जज के ड्राइवर से कार छीनकर वाइस चांसलर को अस्पताल पहुंचाने वाले छात्र जेल में हैं। इनमें से एक छात्र के पिता का कहना है कि बेटे में सेवा की भावना है। सोचा नहीं था कि किसी की जान बचाने के लिए उठाए गए कदम पर डकैती का केस दर्ज हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम छात्रों की पूरी मदद करेंगे। अपराध के मामले में कहा कि पुलिस जल्दबाजी न करे। गंभीर धाराएं तुरंत लगाने से बचने की जरूरत है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी छात्रों के प्रति नरम व्यवहार रखने की बात कही है।

## मप्र मंत्रिमंडल को लेकर कवायद तेज, मंत्रियों को लेकर चल रहा है मंथन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री द्वय राजेंद्र शुक्ला एवं जगदीश देवड़ा की शपथ के बाद अब मंत्रिमंडल के गठन का इंतजार है। शपथ को लेकर आशंका इसलिए है क्योंकि शनिवार 16 दिसंबर से खरमास लग रहा है। आमतौर पर खरमास में कोई शुभ कार्य नहीं होते। भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी मंत्रिमंडल के गठन के लिए खरमास की चिंता नहीं करेगी। मंत्रिमंडल गठन को लेकर मुख्यमंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हैं। हालांकि कल से यह अफवाह उड़ रही थी की मंत्रियों की सूची दिल्ली भेज दी गई है और शनिवार को मंत्रिमंडल की शपथ हो सकती है।

मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों को लेकर तीन स्तर पर मंथन चल रहा है। सीएम और डिप्टी सीएम की तर्जपर केंद्रीय नेतृत्व मंत्रियों के नामों की सूची तैयार कर रहा है। दूसरा, मुख्यमंत्री डॉ यादव वरिष्ठ नेताओं की राय लेकर सूची बना रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा अपने स्तर पर सूची तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री यादव और वीडी शर्मा मिलकर एक सूची फाइनल कर रहे हैं। यह सूची दिल्ली केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजी जाएगी।

### केंद्रीय नेतृत्व फाइनल करेगा मंत्रियों के नाम

अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व को लेना है। इसलिए डॉ यादव और वीडी द्वारा तैयार सूची पर डिस्कशन होगा। नेतृत्व उसमें काट- छांट करेगा। इसके बाद अनुमोदित सूची राज्यपाल के पास शपथ के लिए भेजी जाएगी। माना जा रहा है?कि नेतृत्व इस बार वरिष्ठों की सिफारिश को नजरअंदाज कर नए विधायकों को ज्यादा मौका दे सकता है। ऐसा नया नेतृत्व तैयार करने के उद्देश्य से ही किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहले ही कह चुके हैं कि नए क्षमतावान चेहरों को मौका दिया जाएगा।


### दिन भर उड़ी सूची दिल्ली भेजने की अफवाह

सोशल मीडिया में शुक्रवार सुबह से ही एक खबर फैली कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संभावित मंत्रियों की सूची दिल्ली भेज दी है। खबर यह भी थी की कल यानि शनिवार को नए मंत्रियों को शपथ दिला दी जाएगी लेकिन इस खबर की किसी भी स्तर पर पुष्टि नहीं हुई। यह महज अफवाह निकली। मंत्रिमंडल के गठन पर अभी काम चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि सूची भेजना तो दूर, अभी उस पर काम ही नहीं हुआ है। इसमें अभी और समय लग सकता है।

## देश की अदालतों में 5 करोड़ केस पेंडिंग

### कानून मंत्री लोकसभा में बोले- सुप्रीम कोर्ट में 80 हजार, हाईकोर्ट्स में 61 लाख से ज्यादा मामले

**नई दिल्ली।** देश के सुप्रीम कोर्ट, 25 हाईकोर्ट, डिस्ट्रिक्ट और अधीनस्थ अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। यह जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार (15 दिसंबर) को लोकसभा में दी।



कानून मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 1 दिसंबर तक देशभर की अदालतों में 5 करोड़ 8 लाख 85 हजार 856 केस सुनवाई के लिए बाकी हैं। इनमें से 61 लाख से ज्यादा केस 25 हाईकोर्ट्स में पेंडिंग हैं।

6 महीने में सुप्रीम कोर्ट के पेंडिंग केस 10 हजार बढ़े मेघवाल ने बताया कि मौजूदा समय में 80 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। छह महीने पहले 1 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केसों की संख्या 69 हजार 766 थी। जो 1 दिसंबर को बढ़कर 80 हजार से ज्यादा हो गई। तीन साल पहले 10 हजार पेंडिंग केस बढ़ने में मार्च 2020 से जुलाई 2023 तक का समय लगा था।

### ज्यूडीशियरी में कुल 26 हजार 568 जज

अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी कहा कि भारतीय न्यायपालिका में जजों की कुल स्वीकृत संख्या 26 हजार 568 है। सुप्रीम कोर्ट में जजों की फुल स्ट्रेंथ 34 है। वहीं, हाईकोर्ट्स में जजों की संख्या 1,114 है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में जजों की स्वीकृत संख्या 25,420 है।

## सिंधिया-सिंहदेव की मुलाकात: दिल्ली से लेकर रायपुर तक अकटलों का दौर जारी

**नई दिल्ली।** पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने शुक्रवार को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर माँ महामाया एयरपोर्ट दरिमा को लाइसेंस जारी करने और शीघ्र कमर्शियल उड़ान प्रारंभ करने की मांग रखी।



नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने भरोसा दिया कि देश के चार छोटे एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में हैं। इनमें अंबिकापुर भी शामिल है। जल्द ही प्रक्रिया पूरी करा ली जाएगी। इस मुलाकात को लेकर सियासत गरमा गई है और दिल्ली से लेकर रायपुर तक तरह-तरह के अकटलों का दौर जारी है। असल में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा को लाइसेंस जारी करने एवं शीघ्र कमर्शियल उड़ान प्रारंभ करने को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर आग्रह किया है।

इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि देश में 4 छोटे एयरपोर्ट उनकी प्राथमिकता में है, जिनमें अम्बिकापुर एयरपोर्ट भी शामिल है। इस एयरपोर्ट के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया अग्रिम चरण में है। नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया कि अतिशीघ्र अम्बिकापुर के साथ ही सरगुजा अंचल के निवासियों को हवाई सेवा उपलब्ध करा दी जाएगी। नागरिक उड्डयन मंत्री से चर्चा में टीएस सिंहदेव ने आग्रह किया कि शुरुआत में अम्बिकापुर से रायपुर और अम्बिकापुर से वाराणसी तक की फ्लाइट को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ किया जाए, जिस पर सिंधिया ने सहमति जताई।

## नर्मदापुरम में रेत माफिया पर पहली बार चला बुलडोजर, नायब तहसीलदार पर किया था पथराव

**नर्मदापुरम।** एमपी में नई सरकार ने शनिवार को दूसरा बड़ा एक्शन लिया। नर्मदापुरम में पहली बार रेत माफिया के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला। चार दुकानों को ढहा दिया गया। सुबह करीब 6 बजे जेसीबी की आवाज सुनकर ग्रामीणों की नींद खुली। ठंड में मौके पर भीड़ लग गई। दो दिन पहले अफसरों पर रेत माफिया ने पथराव किया था। इससे पहले भोपाल में भाजपा कार्यकर्ता की तलवार से हथेली काटने वाले पांच आरोपियों के तीन मकान ढहाए थे।



नर्मदापुरम का मामला प्रशासन की टीम पर हमला करने से जुड़ा है। यहां 14 दिसंबर गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान जमीन का सीमांकन का काम पूरा कर लौट रही थीं। इसी दौरान उन्हें पांजरा गांव में रेत से भरा ट्रैक्टर दिखा। ट्रैक्टर ड्राइवर की नजर जैसे ही नायब तहसीलदार पर पड़ी, वह रेत से भरी ट्रॉली को अलग कर ट्रैक्टर लेकर भाग गया। रेत जब्त करने के लिए नायब तहसीलदार ने माइनिंग इंस्पेक्टर पिंकी चौहान, कृष्णा परस्ते और प्राइवेट ट्रैक्टर ड्राइवर छुट्टी गोस्वामी को मौके पर बुलाया।

# सनातन की राह पर नई सरकार...!

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को तय समय में पूरा करना सीएम मोहन यादव की सर्वोच्च प्राथमिकता

**संजय सक्सेना**

मध्य प्रदेश में भारी बहुमत से सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा सरकार के नए मुखिया डॉ. मोहन यादव हार्ड हिंदुत्व की राह पर की राह पर चलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने तीन दिन में जो फैसले लिए हैं, उससे स्पष्ट है कि सरकार सॉफ्ट हिंदुत्व के बजाए हार्ड हिंदुत्व की राह पर आगे बढ़ने वाली है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को तय समय में पूरा करना सरकार का पहला एजेंडा है। उनकी कोशिश यही होगी कि सरकार का चेहरा बदला है, तो लोगों को धरातल पर कामकाज में फर्क भी दिखे।

तेरह दिसंबर को डा. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण की और शाम को ही पहला फैसला पूरे प्रदेश में धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज वाले लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध लगाने का लिया, इसके आदेश भी तत्काल जारी कर दिए। हालांकि इसके लिए एक हफ्ते की मोहलत दी गई है, लेकिन इसके लिए हर शहर में उड़नदस्ते गठित किए जा रहे हैं। सभी कलेक्टर और एसपी अपने-अपने जिलों में



धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर इस आदेश का पालन कराने में जुट गए हैं। एक सप्ताह बाद प्रशासन तेज आवाज वाले लाउड स्पीकर जब्त करेगा। एफआईआर दर्ज की जाएगी। कुछ इसी तरह का फैसला उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ले चुकी है। इसका ड्राफ्ट भी यूपी से ही मंगाकर तैयार किया गया है। लाउड स्पीकर को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर चुका है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। यादव ने ये भी साफ कर दिया कि सरकार सनातन की राह पर चलेगी। इसी तरह डीजे पर भी रोक लगाई है। ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के अनुसार धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और यात्राओं में सिर्फ दो डीजे की अनुमति दी जाएगी। डीजे भी मध्यम आकार के होने चाहिए। डीजे और लाउड स्पीकर का उपयोग करने के लिए विधिवत अनुमति लेनी होगी।

**खुले में मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित-** उत्तर प्रदेश की तरह ही अब मप्र में भी खुले में मांस-मछली की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया गया है। सरकार के इस निर्णय ने साफ कर दिया है कि ये हार्डकोर हिंदुत्व के एजेंडे पर चलेगी। धार्मिक स्थलों से सौ मीटर के दायरे में इस तरह की दुकानों को भी बंद करने का आदेश दिया गया है। सरकार के इस निर्णय का कई धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया है। पूरे प्रदेश में खुले में मांस-मछली की बिक्री पर रोक लगाने का अभियान शुरू कर दिया है।

### सुशासन की राह पर

मुख्यमंत्री ने 14 दिसंबर को प्रदेश के सभी कलेक्टर-कमिश्नर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में स्पष्ट कर दिया कि ईमानदारी से काम करने वालों को ही फील्ड में तैनात किया जाएगा। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सरकार ने रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण संबंधी आदेश जारी कर सुशासन की झलक भी दिखा दी है। सीएम हेल्प लाइन के आंकड़ों के मुताबिक राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा शिकायतें नामांतरण संबंधी मामलों की आती हैं। प्रदेश में बोरवेल में बच्चों के गिरने और हो रही मौतों से बचने के लिए सभी कलेक्टरों की जवाबदारी तय करना भी इसी दिशा में बढ़ाया हुआ कदम माना जा रहा है।

### कानून व्यवस्था के लिए बुलडोजर वाला एक्शन

मप्र में भी यूपी की तज प र कानून व्यवस्था के लिए बुलडोजर वाला एक्शन लिया जा रहा है। हालांकि पूर्ववती सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी बुलडोजर से एक्शन शुरू कर दिया था, लेकिन डॉ. मोहन यादव ने आते ही संदेश दे दिया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसकी झलक भोपाल में हुई कार्रवाई में देखने को मिली। मुख्यमंत्री बनने के 24 घंटे के अंदर भोपाल जनता क्वार्टर में प्रशासन का हथौड़ा और बुलडोजर का एक्शन दिखा। आज नर्मदापुरम में बुलडोजर चल रहा है।

### मोदी की गारंटी और पार्टी का संकल्प पत्र

डा. मोहन यादव ने कलेक्टर, कमिश्नर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में साफ कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली योजनाएं और भाजपा के संकल्प पत्र को जल्द से जल्द पूरा करना है। इसके लिए एक सप्ताह में एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया है। सीएम ने साफ कर दिया है कि जिस योजना को लागू करने में वित्तीय समस्या न हो, उसे तुरंत शुरू कर दिया जाए। जहां बजट और मंजूरी जरूरी हो, उसके लिए वित्त विभाग से चर्चा कर बजट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सीएम ने प्रदेश के सभी जिलों में एक-एक पीएम एक्सिलेंस कॉलेज खोलने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में अभी तक एक्सिलेंस स्कूल ही खोले गए थे। सीएम ने इसके पीछे यह तर्क दिए कि गरीब और मध्यमवर्गीय स्टूडेंट्स को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुविधा देने के लिए यह कॉलेज खोले जाएंगे।








अखिल भारतीय दिगंबर जैन समाज का 29 वा युवक..युवती परिचय सम्मेलन जवाहर चौक स्थित जैन मंदिर में आयोजित हुआ इस परिचय सम्मेलन में देशभर से युवक युवती एवम उनके परिजन शामिल हुए

# विवाह पंचमी पर सिया कल्चरल वेलफेयर सोसायटी करेगी सुंदरकांड पाठ




**भोपाल।** सिया कल्चरल वेलफेयर सोसायटी द्वारा विवाह पंचमी पर भगवान श्री सीताराम के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में 17 दिसम्बर को सुंदरकांड पाठ का आयोजन मकान न.15 कस्तूरी रॉयल पार्क कटारा हिल्स में होगा। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ एवं भजन महाराज श्री कृपा मानस मंडल द्वारा किया जायेगा .कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति निर्मला भदौरिया द्वारा किया जायेगा गायन और पाठ के मुख्य रूप से श्री हरिशंकर विश्वकर्मा एवं शिवांगी भदौरिया द्वारा किया जायेगा अन्य कलाकारों में ढोलक मंजीरे पर श्री विश्वकर्मा ,राजाराम , धुर्व उपस्थित होंगे. मानस मंडली द्वारा विगत पांच वर्षों से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया जाता है। संगीतमय पाठ के बाद आरती व प्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाता है। सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं एवं सियाराम जी की कृपा बनी रहती है. कल्याण की भावना से मानस मंडली के सदस्य इस कार्यक्रम का साप्ताहिक आयोजन करते हैं।

## 10 वर्षों बाद महाविद्यालय में आरडीसी की लहर




**भोपाल ।** कर्त्तव्यपथ पर मध्यप्रदेश के साथ नारी शक्ति का नेतृत्व एक साथ महाविद्यालय की रा से यो की वरिष्ठ स्वयं सेविका प्रियंका समुद्रे का भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निर्देशक द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 में चयन हुआ हैं । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.शोभना जैन ने बताया कि महाविद्यालय में पिछले 10 वर्षों के बाद कोई स्वयं सेविका कर्त्तव्य पथ पर महाविद्यालय का नाम रोशन करेगी।

**आरडीसी 2024 दल का चयन:** आरडीसी 2024 दल का चयन मेजर जनरल एके महाजन, अतिरिक्त महानिदेशक मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय, अधिकारियों की एक टीम की सहायता से आरडीसी 2024 एमपी और सीजी दल के लिए एनसीसी कैडेटों का चयन किया।

# विजय दिवस पर शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी ने शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि

**भोपाल।** शहीद हेमू कलाणी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठी गोबिन्दराम एवं नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक विद्यालयों में विजय दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को भारतीय सैन्य दल की वीरता, शौर्य एवं बांग्लादेश की स्थापना से परिचित कराना रहा। ताकि विद्यार्थियों में सैनिकों के प्रति आदर और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध का भाव जाग सके।

इस अवसर पर श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने सम्?प्रेषित संदेश में कहा कि देश के सच्?चे रक्षक सैनिक हैं। सैनिकों के त्याग बलिदान और समर्पण भाव के कारण ही हम सब सुरक्षित हैं। हम सभी को सैनिकों के प्रति सदैव आदर और सम्मान की भावना बनाए रखनी है। सोसायटी के सचिव श्री ए.सी. साधवानी ने वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारत की गौरवशाली विजय का उल्?लेख करते हुए विद्यार्थियों को सेना में भर्ती होने हेतु प्रेरित करते हुए बताया कि यदि उन्?हें सेना की किसी भी इकाई में जाना है तो उन्?हें अभी से अच्?छे ढंग से अपनी पढ़ाई करनी पड़ेगी क्?योंकि सेना में भर्ती के लिये होने वाली परीक्षाओं में भी बहुत कठिन प्रतियोगिता होती है। साथ ही उन्?होंने विद्यार्थियों को 'भारत के वीर' एप डाउन लोड करके अपने सामर्थ्?य अनुसार शहीद सैनिकों की सहायतार्थ अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा। मिठी गोबिंदराम विद्यालय के एनसीसी शिक्षक श्री संत चौराहा ने 1971 के इस 13 दिवसीय भारत–पाक युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा इस चुनौतिपूर्ण युद्ध में भारत की जीत तथा पकिस्तानी 93000 सैनिकों के आत्मसमर्पण को भारतीय सैन्य जीवन का स्वर्णिम पल बताया। साथ ही बंगाल की भौगोलिक, राजनीतिक स्थिति से छात्रों का अवगत कराया तथा भारतीय सैनिकों के असीम, शौर्य तथा देश प्रेम को अत्यंत मार्मिक कविता के द्वारा व्यक्त किया। विजय दिवस के इस अवसर पर प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर भारतीय वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव ए.सी. साधवानी, संयुक्त सचिव के.एल. रामनानी, कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, वरिष्ठ प्रबंधन सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी, मिठी गोबिंदाराम के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या आशा चंगलानी, नवनिध की प्राचार्या अमृता मोटवानी, उपप्राचार्या रेखा केवलानी, कोआर्डीनेटर्स, शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे।



# एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट का आयोजन

**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी खेल विभाग के द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट 2023–24 का आयोजन एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के 8 विभागों के एग्रीकल्चर, बीकॉम, बीबीए, बीपीटी, बीटेक, एमबीए, बीपीईएस,एमपीईएस, नर्सिंग के लगभग 80 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओ में भाग लिया। जिसमें 100 मीटर महिला वर्ग में बीपीईएस, की हिमांशी मांडवी ने प्रथम, एग्रीकल्चर की अंबिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की रेनू ने प्रथम, बीकॉम की शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की प्रिया ठाकुर ने प्रथम, एमपीईएस की रुक्मणी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की प्रिया ठाकुर ने प्रथम, नर्सिंग की नीलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी महिला वर्ग में बीपीईएस की ज्योति शर्मा ने प्रथम, शीतल मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के सिद्धांत कुशवाह ने प्रथम, फिजियोथेरेपी के आकाश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के धर्मेंद्र पाटीदार ने प्रथम, बीबीए के तनवीर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 400 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के राहुल कुमार प्रथम, एमपीईएस के नीतेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के प्रदीप पटेल प्रथम, एमबीए के हिमांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 3000 मी पुरुष वर्ग में बीपीईएस के आदित्य राजपूत ने प्रथम, एग्रीकल्चर के हर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में पुरुष वर्ग में नवनीत खरे ने प्रथम, प्रियम जोशी बीपीईएस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो पुरुष वर्ग में बीपीईएस के आकिब ने प्रथम,एमबीए के शुभम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



# नाटक और छाऊ शैली में नृत्य नाटिका के साथ अनुगूंज का समापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कला से समृद्ध शिक्षा के तहत आयोजित दो दिवसीय अनुगूँज समारोह का समापन शुक्रवार 15 दिसम्बर को नाट्य प्रदर्शन के साथ हुआ। %%वर्ड क्लासिक्स%% की केन्द्रीय थीम पर सजे अनुगूँज की समापन संध्या के कार्यक्रमों का शुभारंभ वरिष्ठ नाट्य अभिनेता-निर्देशक श्री आलोक चटर्जी तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, संचालक श्री के.के. द्विवेदी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मंच पर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि अनुगूँज का यह पाँचवा संस्करण है। द्वितीय दिवस %रंगकार% के अंतर्गत सर्वप्रथम स्कूली विद्यार्थियों ने विश्व के छः देशों की प्रार्थनाओं की सांगीतिक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आगाज़ किया, जिसका निर्देशन संगीत शिक्षक श्री मधुर शर्मा द्वारा किया गया। इसके बाद छाऊ शैली में %%चक्रबीहु%% नृत्यक नाटिका में महाभारत के अभिमन्यु युद्ध प्रसंग को विद्यार्थियों ने मंच पर साकार किया। इस नृत्य नाटिका का निर्देशन अतंर्राष्ट्रीय बैले निदेशक दयानिधि मोहन्ता ने किया। इसके बाद मणिपुरी लोक कथा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति काबुई केओईबा की मनमोहक प्रस्तुति में 70 विद्यार्थी ठेठ मणिपुरी अंदाज की वेशभूषा और संवाद अदायगी करते नज़र आये। इस नाटक का निर्देशक राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाट्य निदेशक श्री सौरभ अनंत थे। रंगकार की अंतिम प्रस्तुति में मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगबिरंगी वेशभूषा में बैग पाइपर बैण्ड से विभिन्न धुनों पर दर्शकों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। समारोह के अंत में क्लोजिंग म्यूज़िक पर नाचती ट्रस लाईट्स पर विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को अगले वर्ष पुनः मिलने के वादे के साथ विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने निरन्तंर तालियों के साथ बाल कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

अनुगूँज के सृजन भाग में माटीकला कार्यशाला, फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी कार्यशाला, एंकर कार्यशाला और चित्रकला कार्यशालाओं में अपने हुनर को तराशते विद्यार्थियों की सहज अभिव्यक्ति और उनकी कलात्मक अभिरूचियों को एक प्रदर्शनी में सजाया गया था। इस प्रदर्शनी में दिन भर विद्यार्थियों और आम जन की भीड़ रही। %%अनुगूँज%% का यह पाँचवा आयोजन शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय विद्यालयों के लगभग 700 विद्यार्थियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष भोपाल के इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इंदौर संभाग की नृत्य प्रस्तुति भी थी, जिसमें इंदौर के लगभग 50 विद्यार्थी सहभागी थे। उल्लेखनीय है कि, अनुगूँज स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वैश्विक शिक्षा प्रणाली स्ज्ञश्चरू (साइंस, टैक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, आर्टस और मैथेमेटिक्स) की तर्ज पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में कला से समृद्ध शिक्षा का अभिनव आयोजन है। विभागीय संकल्पना के अनुरूप, अब अनुगूंज का आयोजन अन्य संभागों में भी किया जा रहा है।





# निगम आयुक्त ने की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक्र नोबल ए ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफ्ल क्रियान्वयन के संबंध में बैंक एवं निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, शहरी आजीविका मिशन, स्वरोजगार योजना, स्वसहायता समूह का बैंक लिंकेज, ''मैं भी डिजीटल अभियान'' आदि के संबंध में समीक्षा की। बैठक में अपर आयुक्त सुश्री टीना यादव, लीड बैंक मैनेजर एवं 15 राष्ट्रीयकृत एवं प्रायवेट बैंकों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक्र नोबल ए ने शुक्रवार को आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय के सभाकक्ष में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफ्ल क्रियान्वयन के संबंध में की जा रही कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री नोबल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, शहरी आजीविका मिशन, स्वरोजगार योजना, स्वसहायता समूह का बैंक लिंकेज, ''मैं भी डिजीटल अभियान'' आदि के क्रियान्वयन एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कैम्पों में बैंकों के स्टॉल लगाने एवं योजनाओं की जानकारी से अधिक से अधिक नागरिकों को अवगत कराने के दृष्टिगत विभिन्न बैंक अधिकारियों से चर्चा की एवं अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को संबंधित योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# विक्रमादित्य कालेज में आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक का कैंपस आयोजित




**भोपाल।** विक्रमादित्य कालेज में 14 दिसंबर को आईसीआईसीआई और एक्सीस बैंक का ओपन कैंपस आयोजित किया गया। जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कम्पनी द्वारा लिये गये साक्षात्कार में 41 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें विक्रमादित्य कालेज सहित अन्य महाविद्यालयों के छात्र सफल रहे। आईसीआईसीआई और एक्सीस बैंक के लिये डिस्ट्रिक हेड तरूणा तनेजा एवं हरीश चावड़ा ने साक्षत्कार लिये। संस्था के टी.पी.ओ. देवेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया किया कि ओपन प्लेसमेंट में सभी नान-टेक्नीकल ब्रांच के अन्य कालेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 12 छात्र अगले राउंड के लिये चयनित हुये। कालेज प्राचार्य डॉ. दीपिका सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता के लिए छात्रों की स्वयं की मेहनत है कालेज तो सिर्फ एक माध्यम है उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अनेक द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट किये गये है। संस्था द्वारा लगातार छात्रों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुये इस प्रकार के कैंपस आयोजित किये जाते रहे है। सभी चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आदित्य नारोलिया, प्राचार्य डॉ. दीपिका सिंह एवं टी.पी.ओ. देवेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा बधाई एवं शुभकामनाऐं दी गई।

क्राउन लीगल का भव्य-शुभारम्भ
मुख्य अतिथि
माननीया श्रीमती कृष्णा गौर
विधायक गोविंदपुरा, भोपाल
के कर कमलों द्वारा
अध्यक्षता-पं. श्री रमेश शर्मा
(अध्यात्म मर्मज्ञ एवं वरिष्ठ पत्रकार,भोपाल)
विशिष्ट अतिथि
श्री अजय गुप्ता
(वरिष्ठ अभिभाषक हाईकोर्ट)
डा.निशा सिंह राजपूत
(समाजशास्त्र विशेषज्ञ)
पं.श्री पी.एन.भट्ट
(अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिर्विद)
की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होने जा रहा है
कृपया पधारकर अनुग्रहीत करें
शपथ
द्वारा श्री कीर्ति गुप्ता (एडव्होकेट भोपाल)
दिनांक-17-12-2023 रविवार
समय-दोपहर 12.30 बजे
स्थल- फ्लैट नम्बर 3, ई-4/151, हरे राम काम्पलेक्स, अरेरा कालोनी, भोपाल
स्वागताकांक्षी
एडव्होकेट अमन गुप्ता
एडव्होकेट विजयादित्य सिंह चौहान
एडव्होकेट अस्मित वाधवा
दैनिक सांध्यप्रकाश की ओर से शुभकामनाएं

मध्यप्रदेश शासन

# 'पहुंचेंगे हर वंचित तक'



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# विकसित भारत संकल्प यात्रा



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री
# नरेन्द्र मोदी
## द्वारा

## वर्चुअल एवं

# डॉ. मोहन यादव

**मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में**

# शुभारंभ

**16 दिसम्बर, 2023 । अपराह्न 3:00 बजे**

**दशहरा मैदान, उज्जैन, मध्यप्रदेश**

**एमपी के मन में मोदी**

- भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान एवं मिजोरम की प्रचार वेन का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल शुभारंभ
- माननीय प्रधानमंत्री जी का आम जन को संदेश एवं विभिन्न योजनाओं पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन
- केन्द्र एवं राज्य शासन की जनहित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ
- प्रचार वेन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाना
- **'मेरी कहानी मेरी जुबानी'** यानी लाभार्थियों के अनुभवों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार
- शेष बचे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन
- स्वास्थ्य कैम्प, क्विज़, सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रोन प्रदर्शन जैसे जागरुकता कार्यक्रम
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अनेक योजनाएं सम्मिलित




D-11154/23

**सीधा प्रसारण** https://pmindiawebcast.nic.in | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

स म्पा द की य

# स्वास्थ्य बीमा के नाम पर...



देश-दुनिया में स्वास्थ्य बीमा का दौर कुछ ज्यादा ही तेज चलता दिख रहा है। हालांकि स्वास्थ्य बीमा अब जरूरी सा हो गया है, लेकिन इस आवश्यकता का ही बीमा कंपनियां भरपूर लाभ भी उठा रही हैं। एक तरह से देखा जाए तो अधिकांश कंपनियां लूट ही रही हैं, तभी तो स्वास्थ्य बीमा बहुत बड़ा कारोबार हो गया है।

वैसे तो स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की जिम्मेदारी होना चाहिए, लेकिन यह क्षेत्र बुरी तरह से निजी कारोबारियों के हाथों में कैद होता जा रहा है। होता क्या जा रहा है, बल्कि लगभग हो ही चुका है। निजी अस्पताल अरबों का व्यवसाय कर रहे हैं। इसी तर्ज पर अब स्वास्थ्य बीमा का व्यवसाय भी बढ़ रहा है। वैसे तो बीमा का व्यवसाय ही अपने आप में बड़े फायदे वाला साबित हो रहा है, लेकिन स्वास्थ्य बीमा तो सामान्य बीमा से बहुत आगे निकल चुका है। बीमा कराने वाला सामान्य तौर पर यह सोच कर राहत महसूस करता है कि कभी भी कोई बीमारी होगी तो तुरंत इलाज भी मिल जाएगा और बीमा में कवर भी हो जाएगा।

लेकिन यह उसकी गलतफहमी ही साबित हो रही है। स्वास्थ्य बीमा के बावजूद इलाज कराना आसान नहीं है। ऐन वक्त पर मेडिक्लेम रिजेक्शन के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। और कोरोना के बाद ऐसे मामले ज्यादा तेजी से बढ़े हैं। बीमा लोकपाल की रिपोर्ट बताती है कि बीते एक साल में उसके पास हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़ी 29,153 शिकायतें पहुंचीं। इनमें 80 प्रतिशत यानी 12,348 बिना सुनवाई खारिज कर दी गईं। ज्यादातर में रिजेक्शन का आधार किसी लत को छिपाना बताया गया। 20 प्रतिशत केस में ही ग्राहकों को न्याय मिला।

राजधानी भोपाल के ही दर्जनों उदाहरण ऐसे सामने आए हैं, जिनमें बीमा कंपनियां बिना ठोस कारण बताए क्लेम खारिज कर देती हैं। जब ग्राहक बीमा लोकपाल में इसे चुनौती देते हैं तो उन्हें 18-18 पेज की नियम शर्तें थमा दी जाती हैं। कई मामलों में कंपनियां क्लेम के समय डॉक्टरों को प्रेफर्ड नेटवर्क से बाहर करने की धमकी देकर बीमारी को किसी लत से जोड़ने का भी दबाव बना चुकी हैं। ऐसी स्थिति में ग्राहक सीधे उपभोक्ता आयोग या हाईकोर्ट पहुंच रहे हैं।

कायदे से पॉलिसी देने से पहले सभी अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, ताकि लोग कोई भी बीमारी न छुपा सकें। हेल्थ पॉलिसी के नवीनीकरण के वक्त भी जांच होनी चाहिए। लोन और एडवांस के समय बैंकों द्वारा दी जाने वाली पॉलिसियों की नियम और शर्तों के बारे में ग्राहक को पूरी और सही-सही जानकारी दी जानी चाहिए। अगर थर्ड पार्टी एडमिन (टीपीए) कोई क्लेम रिजेक्ट कर दे या क्लेम राशि में कटौती करे तो इसकी जांच बीमा कंपनी को करनी चाहिए। लेकिन बीमा एजेंसियों के अधिकारी और एजेंट अपने कमीशन और पालिसीधारकों की संख्या बढ़ाने के चक्कर में जबर्दस्ती बीमा भी कर देते हैं और लोगों को गारंटी दे देते हैं कि उनकी हर बीमारी का इलाज करा देंगे।

वर्तमान में बीमा कंपनियां प्रचलित मान्यताओं के आधार पर क्लेम रिजेक्ट कर देती हैं। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि जहां करोड़ों लोगों का स्वास्थ्य बीमा हो रहा है, वहीं देश में बीमा और हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर के लिए निश्चित कानून तक नहीं है। कंपनियां प्रीमियम मनमर्जी से तय कर रही हैं। आखिर यह कैसे संभव है कि एक बीमा कंपनी एक समान प्रीमियम पर एडिशनल कवर दे दे? अस्पतालों में एक ही बीमारी के इलाज के दाम अलग-अलग हैं। कोविड के बाद तो बीमा कंपनियां ज्यादा मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। इससे मरीज मुश्किल में घिर जाते हैं। लेकिन व्यवसाय के चक्कर में लोग आम आदमी को बीमा के जाल में फंसाने में सफल हो जाते हैं।

यही कारण है कि हैल्थ बीमा बहुत बड़े फायदे का सौदा साबित हो रहा है। केवल कंपनियां ही नहीं, अस्पताल भी इसमें कमाई के हिस्सेदार होते हैं। कंपनियां उनके हिसाब से ही क्लेम तय करती हैं। इसमें इलाज का खर्च बढ़ा-चढ़ाकर बताया जाना आम बात है। हाल यह है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता निवारण समेत अन्य आयोगों में 1.60 लाख बीमा क्लेम सहित कुल 5.78 लाख केस पेंडिंग हैं। हेल्थ इंश्योरेंस के मामले में बीमा लोकपाल का दावा है कि एक साल में 5972 केस में ग्राहक तो 3270 में कंपनी के हक में फैसले हुए। लेकिन छोटे-मोटे मामलों में लोग बीमा लोकपाल या उपभोक्ता आयोग जाते ही नहीं हैं।

देखने में आता है कि बीमा कराने वाले साठ प्रतिशत लोग तो उसका फायदा उठा ही नहीं पाते हैं। इनमें शर्तें इतनी होती हैं कि सामान्यत: लोग बिना बीमा के ही बहुत सारा इलाज करवा लेते हैं। वैसे भी बीमा कंपनी हर बीमारी का इलाज करवाती भी नहीं है। और एक शर्त यह भी कि ऐसी बीमारी हो, जिसमें भर्ती होना जरूरी हो, उसी में बीमा मिलेगा। कई अस्पताल वाले तो लोगों के भर्ती का पर्चा बनाकर बीमा क्लेम ले लेते हैं और मरीज के साथ पैसा बांट लेते हैं। लेकिन ये फर्जीवाड़ा सही मायने में बीमार व्यक्ति नहीं करता है। इस तरह का गोरखधंधा अस्पताल और बीमा कंपनियों के लोग मिलकर ही करते हैं।

लेकिन इस समय बीमारियों का दौर कुछ ज्यादा ही चल रहा है। बीपीएल वाले तो मुफ्त इलाज के दायरे में आ जाते हैं, मुसीबत मध्यम वर्ग की होती है। सो वही इस चक्र में उलझ जाता है। और ठगा भी जाता है। स्वास्थ्य बीमा जरूरी हो गया है, पर इसका सही लाभ भी लोगों को मिले, यह सुनिश्चित करना होगा। वैसे हमारे देश में आयुष्मान या ऐसी अन्य योजनाओं में ही फर्जीवाड़ा हावी है, तो हैल्थ बीमा सेक्टर कैसे छूट सकता है? फिर भी, स्वास्थ्य का क्षेत्र हमारे जीवन से सीधे जुड़ा है, कहीं तो जरूरतमंदों की फिक्र हो।

# जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से जुड़े जीवन खतरे

**– ललित गर्ग–**

जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव से यों तो सभी पीड़ित, परेशान और आशंकित हैं, पर इसके प्रभाव से दुनियाभर में संक्रामक बीमारियों में लाखों लोग आये हैं। विशेषज्ञों ने बढ़ते तापमान के साथ गंभीर बीमारियों के बढ़ने की चेतावनी जारी की है। इस बढ़ते तापमान से कृषि पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, विकासशील एवं अत्यंत पिछड़े राष्ट्रों में महिलाएं, पुरुषों की अपेक्षा कहीं अधिक आहत हो रही हैं। एक अनुमान के अनुसार, विकासशील देशों की डेढ़ अरब गरीब, आर्थिक रूप से वंचित, निर्णायक भूमिका विहीन, संसाधनों की पहुंच से दूर महिलाएं अपनी परम्परागत भूमिकाओं, सामाजिक अपेक्षाओं और आजीविका के मौजूदा विकल्पों के रहते जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों की अधिक मार झेल रही हैं। दुबई में सम्पन्न कॉप-28 की मीटिंगों में इन विषयों पर गंभीर चर्चाएं हुई है। संभवत: पिछले तीस वर्षों में जलवायु परिवर्तन की बैठकों इतनी सार्थक चर्चाएं नहीं हुई है। इस बार भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कहीं बातों एवं सुझावों को प्राथमिकता मिलना, इस जटिल होती समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कॉप-28 जलवायु सम्मेलन यूएई सर्वसम्मति मसौदे के साथ दुबई में संपन्न हुआ, जिसमें जीवाश्म ईंधन से उचित परिवर्तन की वकालत की गई और जलवायु संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त जलवायु वित्तपोषण प्रतिबद्धताओं की पेशकश की गई। हालाँकि जितनी विकराल समस्या है उसे देखते हुए जलवायु परिवर्तन के राक्षसों को नियंत्रित करने के लिए अभी व्यापक प्रयत्नों एवं संकल्पों से आगे बढ़ने एवं कठोर निर्णय लेकर उनकी क्रियान्विति आवश्यक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चेतावनी देते हुए कहा है कि जलवायु संकट से लोग बीमार हो रहे हैं और यह जीवन को खतरे में डाल रहा है। इन महत्वपूर्ण कॉप वार्ताओं में स्वास्थ्य चर्चा के केंद्र में होना चाहिए। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि सम्मेलन को जलवायु संकट से निपटने के लिए शमन, अनुकूलन, वित्तपोषण और सहयोग के चार प्रमुख लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमारा ध्यान जलवायु संकट से स्वास्थ्य को होने वाले खतरे एवं जलवायु कार्रवाई से होने वाले स्वास्थ्य लाभ पर केन्द्रित होना चाहिए। जलवायु परिवर्तन पहले से ही लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और जब तक तत्काल कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक यह तेजी से बढ़ता रहेगा। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में लाखों लोगों को बीमार या बीमारी के प्रति अधिक असरदार बना रहा है। बढ़ते तापमान की घटनाओं की बढ़ती विनाशकारिता गरीब और हाशिए पर रहने वाले लोगों को असमान रूप से प्रभावित करते हैं।



कुपोषित व स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं में जलवायु परिवर्तन के कारण मलेरिया, हैजा-दस्त, डेंगू जैसे रोगों की आशंका कहीं अधिक रहती है। यह महत्वपूर्ण है कि बातचीत के केंद्र में स्वास्थ्य को रखने के लिए नेता और निर्णय निर्माता कॉप 28 में एक साथ आएं।

हमारा स्वास्थ्य हमारे आस-पास के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, ये पारिस्थितिकी तंत्र अब वनों को काटे जाने, कृषि और भूमि उपयोग में बदलाव, बढ़ते प्लास्टिक प्रयोग तथा तेजी से हो रहे शहरी विकास के चलते खतरे में हैं। जानवरों के आवासों में अतिक्रमण अब मनुष्यों के लिए हानिकारक विषाणुओं संक्रमण के अवसरों को बढ़ा रहा है। 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन से कुपोषण, मलेरिया, डायरिया और गर्मी के तनाव से हर साल लगभग ढाई लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं। वर्तमान जनसंख्या वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में कृषि उत्पादकता पहले से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है। मौसम में बदलाव की अल्पकालिक घटनाओं तथा दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण धान, मक्का और गेहूं की पैदावार प्रभावित हो रही है और पाया गया कि तापमान का नकारात्मक प्रभाव लम्बे समय की तुलना में अल्पावधि में अधिक होता है। जलवायु परिवर्तन और मौसम में बदलाव की बार-बार हो रही चरम घटनाएं फसल की पैदावार पर कहर बरपा रही हैं और किसानों को अपनी फसलों के नुकसान को सीमित करने के अनुकूल उपाय करने के लिए मजबूर कर रही हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित और नियंत्रित करने के लिए जरूरी है कि भारत दर्शन एवं संस्कृति में इसका समाधान खोजें। भारतीय परम्परा एवं धार्मिक कृत्यों ऐसे-ऐसे विधि-विधान एवं प्रावधान है जो जलवायु संकट से मुक्ति दिलाने में सक्षम है। भारत में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का महत्व मिलता है। पीपल को पूज्य मानकर उसे अटल सुहाग से सम्बद्ध किया गया है, भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है, जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। बिल्व वृक्ष को भगवान शंकर से जोड़ा गया और ढाक, पलाश, दूर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवग्रह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया। पूजा के कलश में सप्तनदियों का जल एवं सप्तभृत्तिका का पूजन करना व्यक्ति-व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। सिंधु सभ्यता की मोहरों पर पशुओं एवं वृक्षों का अंकन, सम्राटों द्वारा अपने राजचिन्ह के रूप में वृक्षों एवं पशुओं को स्थान देना, गुप्त सम्राटों द्वारा बाज को पूज्य मानना, मार्गों में वृक्ष लगवाना, कुएं खुदवाना, दूसरे प्रदेशों से वृक्ष मंगवाना आदि तात्कालिक प्रयास पर्यावरण प्रेम को ही प्रदर्शित करते हैं। 'पानी और प्रेम को खरीदा नहीं जा सकता' जैसी कहावत हमारे यहां प्रचलित रही है। 'रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून' जहाँ इस उक्ति में पानी इज्जत और मान मर्यादा का प्रतीक बन पड़ा है, वही आज के इस पर्यावरणीय संकट में पानी के शाब्दिक अर्थ को ही बचा पाए तो हम रहीम के दोहे के साथ न्याय कर पाएंगे। यह तो केवल एक बानगी है जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान से हो रहे प्रकृति के विनाश के प्रति चिंता की।

जलवायु परिवर्तन एवं बढ़ते तापमान के लिये बढ़ता प्लास्टिक का प्रचलन भी बड़ा कारण है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि प्लास्टिक प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या है। किंतु माइक्रो प्लास्टिक की समस्या तो उससे भी कहीं ज्यादा भयानक समस्या बनती जा रही है। माइक्रो प्लास्टिक से विश्व भर के महासमुद्रों में पैदा हो रहा प्रदूषण आने वाले समय में बहुत विकट समस्या साबित होगा। यह समस्या इतनी विकट-विकराल होगी, जो सदियों तक मानव जीवन को प्रभावित करती रहेगी। विश्व की आबादी प्रतिवर्ष लगभग अपने वजन बराबर प्लास्टिक उत्पन्न करती है। प्रतिष्ठित अमेरिकी जर्नल साइंस में प्रकाशित वर्ष 2015 के एक वैश्विक अध्ययन के मुताबिक दुनिया के 192 समुद्र तटीय देशों में तकरीबन साढ़े सत्ताईस करोड़ टन प्लास्टिक कचरे का उत्पादन हुआ, जिसमें से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा महासमुद्रों में प्रविष्ट हो गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आकलन अनुसार प्रतिवर्ष प्रत्येक भारतीय तकरीबन आठ किलोग्राम प्लास्टिक का उपयोग करता है। इसका निष्कर्ष यही हुआ कि भारत में प्रति वर्ष तकरीबन एक सौ लाख टन प्लास्टिक का उपयोग किया जाता है। प्लास्टिक की थैलियां हमारे रोजमर्रा के जीवन की जरूरत और सुविधा दोनों ही बनती जा रही है क्योंकि ये थैलियों आकर्षक, सस्ती, मजबूत और हल्की होती है। लेकिन ये ही प्लास्टिक थैलियों जल, जमीन, जंगल के लिए हद दर्जे तक हानिकारक साबित हो रही है। जल में रहने वाले समुद्री जीवों पृथ्वी पर रहने वाले मनुष्यों और मवेशियों सहित वन्यजीवन को खतरनाक ढंग से खत्म करने के लिए ये प्लास्टिक की थैलियां प्रमुखत: जिम्मेदार बनती जा रही हैं। इस तरह की समस्याओं पर भी कॉप सम्मेलनों में चर्चा होनी चाहिए।

पृथ्वी की रक्षा के लिये पर्यावरणीय प्रदूषण, अन्याय और अशुचिता के खिलाफ जनजागृति होना जरूरी है। भारतीय दर्शन, जीवन शैली, परंपराओं और प्रथाओं में प्रकृति की रक्षा करने का विज्ञान छुपा है। आवश्यकता दुनिया के सामने इसकी व्याख्या करने की है। जब तक हम भारतीय दर्शन के अनुरूप जीवनशैली नहीं अपनायेंगे तब तक ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या का समाधान नहीं मिलेगा। इसलिये प्रकृति की रक्षा करने वाली परंपराओं और संस्कृति को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। विदित हो कि पर्यावरण को लेकर भारतीय ज्ञान पूरी तरह वैज्ञानिक है। हमें लालच छोड़ने, पृथ्वी को नष्ट नहीं होने देने और आवश्यकता के अनुरूप प्रकृति के संसाधनों का उपभोग करने का संकल्प लेने से ही ग्लोबल वार्मिंग का समाधान मिलेगा।

# महसूस हो देश में सब एक समान हैं

**-राकेश दुबे**

यह कहीं से भी उचित नहीं था। सांसद डीवीएन सेंथीकुमार राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद, लोकसभा में हिन्दी भाषी सूबों को 'गोमूत्र राज्य' ठहराना । अंतत: उन्हें अपने कहे पर माफी मांगनी पड़ी और उक्त शब्दों को लोकसभा कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। वस्तुत:देश के किसी भी हिस्से या सूबे के लोगों की भावुकता को चोट पहुंचाने वाले किसी सांसद के ऐसे शब्द अस्वीकार्य होना ही चाहिए। डीएमके सांसद के ये बोल न केवल चोट पहुंचाने वाले थे बल्कि इंडिया नामक गठबंधन का राजनीतिक रूप से खमियाजा भी हो सकता है।

दक्षिण के संदर्भ में, विचार करें तो जहां कर्नाटक में भाजपा की हार हुई है, वहीं तेलंगाना में कुल वोटों में हिस्सा बढ़ने से उसे सांत्वना भी मिली है। ऐसा नहीं है कि मानो दक्षिण में भाजपा का कोई आधार नहीं है। लेकिन तथ्य यह भी है कि किसी भी दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा की अपनी सरकार नहीं है, हालांकि पुडुचेरी में भाजपा सत्तारूढ़ गठजोड़ का अंग है।

डीएमके सांसद के बोलों से उत्पन्न मौका है भारतीय राष्ट्रवाद पर आत्मविश्लेषण करने का। यह इसलिए क्योंकि हो सकता है कि राष्ट्रवादिता की परतों के भीतर क्षेत्रवाद मौजूद हो। इसमें कोई शक नहीं कि आज़ादी के बाद से देश की राष्ट्रवादिता की जड़ें लचीली रही हैं और मजबूत होती गईं। देश के तमाम इलाकों में लोग राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत हैं, जो देश पर बाहरी खतरा महसूस होने पर खासतौर पर उभर आती है। इसके आलोक में, राजनीतिक वर्ग को सनद रहे कि दुनिया की कुल आबादी में छठा हिस्सा रखने वाले देश भारत का राष्ट्रवाद समावेशी हो, जो सभी संस्कृतियों, जीवनशैली, भाषाओं, क्षेत्रीय आकांक्षाओं का सम्मान करे। साथ ही, राष्ट्रवाद तभी मजबूत होगा जब दौलत और कमाई के मामले में क्षेत्रवार विषमताएं घटें। यह बात देश के विभिन्न हिस्सों में मानव विकास के स्तर पर भी लागू होती है। जिस एक विषय पर चर्चा कभी-कभार होती है, वह है संविधान में राजकीय नीति के दिशा-निर्देशक सिद्धांतों पर प्रकाश।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 38(2) का दिशा-निर्देश सिद्धांत कहता है 'राजव्यवस्था, खासतौर पर, आमदनी में असमानता को न्यूनतम रखने और सामाजिक रुतबे, सुविधाएं और अवसरों में गैर-बराबरी को समाप्त करने का प्रयास करे, न केवल किन्हीं लोगों में, बल्कि अलग-अलग भागों में बसी आबादी और विभिन्न रोजगारों में लिप्त लोगों के बीच भी।' जाहिर है यहां शब्द 'क्षेत्र' में सूबे भी शामिल हैं। इससे इंकार नहीं हो सकता कि बढ़ती क्षेत्रवार और राज्यवार असमानता के चलते विभिन्न किस्म के दबाव और भावनाएं – कुछ अस्वस्थ भी उभरें।

देश में राजनीतिक वर्ग गरीबों के संत्रास का हल निकालने की कोशिश कर रहा है, इसमें उनके खातों में सीधे पैसे भेजने वाली योजना भी शामिल है। यह अच्छा है कि बिचौलिए द्वारा यह पैसा हड़पने से बचाने के लिए धन स्थानांतरण के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय एवं राज्य सरकारें गरीब वर्ग की रोजगार संभावना बेहतर बनाने को कौशल स्तर बढ़ाने वाली योजनाएं चलाना चाहती हैं।

जहां एक ओर यह सब किया जा रहा है, जिस मुख्य और बहुत अहम ध्येय को स्पष्टत: नज़रअंदाज किया जा रहा है, वह है व्यक्तिगत और समूहगत कमाई में असमानता को न्यूनतम करने वाले दिशा-निर्देशक सिद्धांत। यह करने के लिए कर की दर को बढ़ाना कारगर न होगा। इसकी पूर्ति केवल शिक्षा प्रसार और लोगों के रवैये में बदलाव लाकर ही हो पाएगी। देश के वह हिस्से, जहां के लोग दूरगामी सोच रखते हैं और डिजिटल युग की संभावनाओं और अवसरों का भरपूर फायदा लेना चाहते हैं, न ही उनमें 'इतिहास की गलतियों को सुधारने के प्रति आसक्ति' है, वे आमदनी और भौतिक सुखों के हिसाब से बेहतर हैं।

अनुच्छेद 38(2) में बताई समझदारी पूर्ण दिशा-निर्देशों को दरकार है तमाम सुबाई और केंद्र सरकार नवीन नीतियां अपनाएं ताकि भारतीय गणराज्य परिवार के सभी सदस्यों को महसूस हो कि वे सारे एक समान महत्वपूर्ण हैं और अधिकार संपन्न और समृद्धि हासिल करने का अवसर सबके लिए एक जैसे हैं। वास्तव में, वसुधैव कुटुम्बकम की शुरुआत भारतीयम कुटुम्बकम् में है।

# कोर्ट के कथानक वाली फिल्मों में दर्शकों की रूचि ज्यादा!

**हेमंत पाल**

अदालत में जब किसी दिलचस्प मामले पर बहस होती है, तो उसे सभी देखना चाहते हैं। फिर वे दृश्य रियल हो या फ़िल्मी। कोर्ट रूम ड्रामे पर कई फिल्में बनी और उनमे से ज्यादातर को पसंद किया गया। इन फिल्मों को समीक्षकों के साथ दर्शकों ने भी सराहा। इन फिल्मों में कुछ फिल्मों में कॉमेडी का मसाला डाला गया तो कुछ में थ्रिल था। इसलिए कहा जाता है कि कोर्ट ड्रामा पर आधारित फिल्में और वेब सीरीज हमेशा से ही दर्शकों को रोमांचित करती रही है। परदे पर जब दो वकील बहस करते हैं, तो दर्शक खो जाते हैं। क्योंकि, फिल्मों में अदालत के दृश्यों को बहुत मेहनत से तैयार किया जाता है। कोर्ट सीन को बेहतर बनाने के लिए दोनों पक्षों को जोरदार संवाद की जरूरत होती है। अदालती कार्यवाही समाज और न्यायतंत्र का अहम हिस्सा है। इसलिए कई फिल्मों में ऐसी कार्यवाही को अहम स्थान दिया गया। कई फिल्में तो ऐसी है, जिनका क्लाइमेक्स या कथानक का मोड़ ही कोर्ट रूम सीन रहा। जिस फिल्म में अदालत की कार्रवाई के दृश्य दिखाए जाते हैं, वे वहीं ख़त्म नहीं हुए, बल्कि आगे के दृश्यों में भी उसका जिक्र होता रहा।

1986 में आई बासु चटर्जी की फिल्म 'एक रुका हुआ फैसला' आज भी अनोखी फिल्म कही जाती है। इसका कथानक इतना दमदार था, कि इसे अभी तक कि बेहतरीन कोर्टरूम ड्रामा फिल्मों में गिना जाता है। ये कहानी ज्यूरी के सदस्यों के बीच तनाव, कशमकश और न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता दर्शाती है। खास बात यह कि पूरी फिल्म एक कमरे में ही फिल्माई गई। इस फिल्म को फिर से बनाया जा रहा है। फिल्म इतिहास को खंगाला जाए तो बीआर चोपड़ा ने 1960 में 'कानून' बनाई थी। बिना गानों की इस पहली फिल्म की कहानी अख़्तर उल-ईमान और सीजे पावरी ने लिखी थी। इसमें मौत की सजा के खिलाफ एक मामले को दिखाया था। इसमें तर्क दिया था कि गवाहों को भी धोखा दिया जा सकता है और झूठी गवाही किसी को फांसी तक ले जा सकती है। इस ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म का क्लाइमैक्स चौंकाने वाला था।

राज कपूर की 1951 में आई फिल्म 'आवारा' में उनके पिता पृथ्वीराज कपूर ने वकील और जज का किरदार निभाया था, जो एक गलतफहमी की वजह से जन्म से पहले ही अपने बच्चे और पत्नी का त्याग कर देते हैं। पिता की नाइंसाफ़ी और ज़िंदगी की दुश्वारियां एक बच्चे को आवारा बना देती हैं। इस फिल्म में वकील बनीं नर्गिस के साथ पृथ्वीराज कपूर की जिरह ने इस कोर्ट रूम ड्रामे को रोचक बनाया था। राज कपूर के दादा दीवान बशेश्वरनाथ सिंह कपूर भी इसमें दिखाई दिए थे। यश चोपड़ा की चर्चित फिल्म 'वक़्त' भी एक परिवार के बिखरने से शुरू होकर हत्या के इल्ज़ाम में फंसे एक भाई को दूसरे भाई द्वारा बचाने पर ख़त्म होती है। इसमें कोर्ट के यादगार दृश्य हैं। सुनील दत्त वकील के किरदार में थे, जबकि राज कुमार हत्या के आरोपी होते थे। 'वक़्त' को हिंदी सिनेमा की पहली मल्टीस्टारर फ़िल्म कहा जाता है। 1962 में आई फिल्म 'बात एक रात की' शंकर मुखर्जी निर्देशित फिल्म रहस्य, रोमांच से भरपूर कोर्ट रूम ड्रामा थी। इस फिल्म का संगीत भी बेहद हिट रहा। इसमें फ़िल्म की नायिका वहीदा रहमान पर हत्या का आरोप लगता है, इसे वो स्वीकार भी कर लेती है। लेकिन, वकील बने देव आनंद को आरोपी के इकबाले-जुर्म पर विश्वास नहीं होता। यहीं से इस रोमांचक कोर्ट रूम ड्रामा शुरू होता है।



अदालत के ड्रामे वाली फिल्मों में 1983 की फिल्म 'अंधा कानून' को भी गिना जा सकता है। फिल्म में अमिताभ बच्चन (जां निसार अख्तर) की फॉरेस्ट ऑफिसर की भूमिका थी, जिनका चंदन तस्करों से संघर्ष होता है, जिसमें एक तस्कर मारा जाता है। इसका इल्जाम अमिताभ पर लगता है और उसे सजा सुना दी जाती है। जेल की सजा भुगतने के बाद सच सामने आता है कि जिसकी हत्या के आरोप में सजा सुनाई गई, वो जिंदा है। उसके बाद फिल्म का क्लाइमेक्स बेहद नाटकीय था। 'मेरी जंग' (1985) में भी अदालत के लंबे सीन थे। फिल्म के एक सीन में वकील का किरदार निभा रहे अनिल कपूर जहर देने के आरोप को झुठलाने के लिए कोर्ट में जहर पी लेते हैं। इस फिल्म का बड़ा हिस्सा कोर्ट में शूट किया गया था। लेकिन, 1993 की फिल्म 'दामिनी' में सनी देओल का वकील के किरदार को दर्शक आज भी नहीं भूले। फिल्म का 'तारीख पर तारीख ज' वाला डायलॉग बेहद चर्चित हुआ। यह फिल्म एक घरेलू नौकरानी के साथ हुए बलात्कार मामले के इर्द-गिर्द घूमती है।

नाम से ही अदालत के कथानक का अहसास कराने वाली फिल्मों में 2013 में आयी फिल्म 'जॉली एलएलबी' भी है। फिल्म में कॉमेडी के जरिए गंभीर संदेश दिया। एक जूनियर वकील जॉली एक हाई प्रोफाइल हिट एंड रन मामले से जुड़ जाता है और सिस्टम से टकराता है। चार साल बाद 2017 में इस फिल्म का सीक्वल 'जॉली एलएलबी-2' नाम से बना। इसमें एक गैर संजीदा वकील जॉली (अक्षय कुमार) एक फर्जी एनकाउंटर के केस से जुड़कर लड़ता है। दोनों ही फिल्मों में जज की भूमिका में सौरभ शुक्ला ने जबरदस्त काम किया था। 2012 की फिल्म 'ओ माय गॉड' धर्म के नाम पर समाज में फैलाए पाखंड पर चोट करती है। नास्तिक कांजी (परेश रावल) की दुकान भूकंप के कारण ढह जाती है और इंश्योरेंस कंपनी इसे 'एक्ट ऑफ गॉड' करार देकर इंश्योरेंस राशि का भुगतान करने से इंकार कर देती है। ये फिल्म तेलुगु में भी 'गोपाला-गोपाला' के नाम से बनी थी। अब्बास-मस्तान की फिल्म 'एतराज' (2004) भी ऐसी ही थी, जिसकी कहानी बलात्कार के एक झूठे आरोप को लेकर बुनी थी। इसमें प्रियंका चोपड़ा ने निगेटिव किरदार किया था। वो अपने पूर्व प्रेमी अक्षय कुमार पर बलात्कार का झूठा आरोप लगाती है। करीना कपूर जो अक्षय कुमार की पत्नी होने के साथ वकील भी है, वो पति के बचाव में खड़ी होती है।

'रुस्तम' (2016) को भी कोर्ट रूम की यादगार फिल्म कहा जाता है, जो नौसेना के एक अधिकारी के जीवन से जुड़ी सच्ची घटना पर आधारित थी। नौसेना का एक अधिकारी गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर खुद को कानून के हवाले कर देता है। अब ज्यूरी को इस बात का फैसला करना होता है कि ये साजिश के तहत की गई हत्या है या फिर आत्मरक्षा में गोली चलाई गई। अक्षय कुमार को इस फिल्म में बेहतरीन अभिनय के लिए नेशनल अवार्ड मिला था। इसी साल आई 'पिंक' (2016) बलात्कार जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बनाई थी। इसमें अमिताभ ने वकील की भूमिका की थी। 'पिंक' को सामाजिक मुद्दों पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। इसे तमिल में 'नेरकोंडा परवाई' (2019) और तेलुगु में 'वकील साहब' (2021) के नाम से बनाया गया। अजय बहल की निर्देशित फिल्म 'आर्टिकल 375' (2019) को भी बेहतरीन कोर्टरूम ड्रामा फिल्म कहा जाता हैं। फिल्म की कहानी बलात्कार के एक केस के आसपास घूमती है।

कुछ साल पहले 2018 में आई फिल्म 'मुल्क' भी कोर्ट रूम ड्रामा थी। अनुभव सिन्हा की ये फिल्म इस बात को जोर से उठाती है कि 'सभी मुस्लिम आतंकवादी नहीं होते।' इस फिल्म की खासियत यह है कि यह बेहतर हिंदू या बेहतर मुसलमान बनने की बजाए बेहतर इंसान बनने की बात करती है। यह फिल्म कुछ गंभीर मुद्दों और आतंकवाद के अन्य चेहरों पर ध्यान केंद्रित करती है, जिन्हें छुपाया जाता है। फिल्म में तापसी पन्नू और आशुतोष राणा ने वकील की भूमिका निभाई थी। इसी साल (2023) आई मनोज बाजपेयी की फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' अदालत की कार्रवाई पर बनी रोचक फिल्मों में एक है। सच्ची घटना पर बनी फिल्म में मनोज बाजपेयी ने वकील पीसी सोलंकी की भूमिका निभाई। यह एक ऐसे वकील की कहानी है, जो एक बड़े धर्मगुरु के खिलाफ अकेले केस लड़कर पीड़िता को न्याय दिलाता है। फिल्म में मनोज बाजपेयी ने वकील की जबरदस्त भूमिका निभाई है।

इसके अलावा 'ट्रायल बाय फायर' (2023) दिल्ली के उपहार सिनेमा के अग्निकांड की कहानी पर बनी फिल्म थी। 'गिल्टी माइंड्स' (2022) की कहानी दिल्ली की दो लॉ फर्म के इर्द गिर्द घूमती है। 'शाहिद' (2013) फिल्म शाहिद आज़मी की सच्ची कहानी पर बनी थी, जिन्हें 1994 में स्टेट के खिलाफ साजिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सजा काटने के दौरान शाहिद ने कानून की पढ़ाई की और जेल से बाहर आने के बाद उन लोगों का बचाव किया जिन पर आतंकवाद का गलत आरोप लगा था। उन्होंने 17 लोगों को ऐसे आरोपों से मुक्त करवाया था। इसके अलावा 'शौर्य' (2008) फिल्म केके मेनन के बेहतरीन अभिनय और सबसे अच्छे मोनोलॉग के लिए याद की जाती है। इसके अलावा वीर जारा, मेरा साया, नो वन किल्ड जेसिका, कोर्ट, सबसे बड़ा खिलाड़ी, दो भाई और 'क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता' फिल्मों का कथानक कोर्ट रूम पर आधारित था। अभी ये दौर ख़त्म नहीं हुआ, जल्द ही कोई कोर्ट रूम ड्रामा देखने को मिल सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# राघवेंद्र कुमार सिंह मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव होंगे, मनीष रस्तोगी मंत्रालय में पदस्थ



भोपाल। राज्य शासन ने आज दो अधिकारियों की पदस्थापना की है। राघवेंद्र कुमार सिंह मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव होंगे। मनीष रस्तोगी (1994) प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश एवं प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक सेवा प्रबंधन विभाग अतिरिक्त प्रभार को प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन, राघवेन्द्र कुमार सिंह (1997) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल (अतिरिक्त प्रभार) को प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश एवं प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक सेवा प्रबंधन विभाग (अतिरिक्त प्रभार) नियुक्त किया गया है।



भोपाल। डॉ. गरिमा तिवारी ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में सम्मेलन में भाग लेने के लिए 7 दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने मजिस्ट्रेट अदालत और उसके पुस्तकालय का दौरा किया। हमारी भगवत गीता को देखकर आश्चर्य हुआ। वह बेनेट यूनिवर्सिटी दिल्ली इंडिया के लॉ विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक डीन हैं। डॉ गरिमा तिवारी राजेश तिवार की पुत्री हैं।

# पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय करेगा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास : डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से किया संवाद, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया एमवीएम कॉलेज का निरीक्षण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करेंगे। हर जिले में जिला महाविद्यालयों को पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा। सर्वसुविधायुक्त महाविद्यालय का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाविद्यालयीन शिक्षा को प्रदेश में उच्चतम स्तर तक ले जाने के लिए पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय निर्मित करने का निर्णय लिया गया है। इन महाविद्यालयों में सभी संकायों से सबंधित कोर्स संचालित किए जाएंगे। विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधा युक्त कक्षाएँ, खेल मैदान, ऑडिटोरियम, प्लेसमेंट सेल, ट्रेनिंग सेंटर आदि की सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य रहा है। इस नीति के अनुसार महाविद्यालयीन शिक्षा के साथ वोकेशनल सब्जेक्ट, व्यक्तित्व विकास, योग शिक्षा और संगीत सहित विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जाएगी। योग्य प्राध्यापक और ट्रेनर की नियुक्ति की जाएगी। प्लेसमेंट सेल के जरिए विद्यार्थियों को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हे प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई शिक्षा नीति, डिजि-लाकर, जैसे विषयों पर संवाद किया। प्राध्यापक - नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के समेकित विकास पर केंद्रित है। इसमें सभी संकायों का समावेश किया गया हैं। प्राचार्य ने नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करने की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों को संकाय के विषय के साथ उद्यमिता, योग, कला संकाय के विषय, संगीत भी संवाद, ग्रुप डिस्कशन और विचार मंथन आदि माध्यमों से पढ़ाया जाता है। इसके साथ ही पिछले लोकरंग उत्सव में विद्यार्थियों के ग्रुप को जनजातीय संस्कृति को जानने और समझने के लिए ले जाया गया था। विद्यार्थी-लोकरंग में जनजातीय संस्कृति को करीब से जानने और समझने का अवसर मिला। जनजातीय जीवन को करीब से जाना। किताबों की दुनिया से बाहर निकलकर जनजातीय संस्कृति को महसूस करने का यह पहला अवसर मिला। विद्यार्थी- मंत्री परिषद ने छात्रों की डिग्री/मार्कशीट भी डिजि लाकर में अपलोड करने का निर्णय लिया है। डिजि लाकर में डिग्री/मार्कशीट वेरिफाइड डॉक्यूमेंट होंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एमवीएम कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने भूविज्ञान प्रयोगशाला के नमूनों को देखा और जानकारी प्राप्त की। पत्थरों की संरचना, उनका काल और निर्माण की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रयोगशाला के रखरखाव संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री के. सी. गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य एमवीएम कॉलेज डॉ. गीता मोदी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय में:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पुलिस मुख्यालय सभा कक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि मध्यप्रदेश में अपराधों के नियंत्रण और प्रधानमंत्री जी की स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा को मूर्तरूप देने के लिए ऐसा कार्य हो जो उदाहरण बन सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पुलिस कर्मी अपना कार्य अधिक अच्छे ढंग से कर सकें, इसके लिए उन्हें प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। पुलिस कर्मियों के लिए आवास व्यवस्था का कार्य प्रत्येक स्तर पर सहयोगी रूख से आसान बनाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुछ ऐसे समुदाय हैं जिनके कुछ लोग अपराधिक प्रवृति से जुड़े हैं, उन्हें भी मुख्य धारा में लाने का प्रयास हो। जिन जिलों में अपराध दर अधिक है वहां विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए। अवैध हथियारों की तस्करी और शराब माफिया पर प्रभावी कार्यवाही हो। खनिज माफिया के विरूध भी सख्त कार्यवाही खनिज विभाग के समन्वय से की जाए। आगामी 20-25 वर्ष की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उच्च पद के प्रभार और राज्य पुलिस सेवा से अखिल भारतीय सेवा में अधिकारियों की पदोन्नति की कार्यवाही को भी गति दी जाए। निरीक्षकों के पदों पर पदोन्नति सहित अन्य पदों पर भी पदोन्नति के कार्य में विलम्ब न हो। अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों में भी कार्यवाही की जाए।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर से की तय समय पर बाजार बंद होने की मांग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने शुक्रवार को भोपाल कलेक्टर को ज्ञापन सौपतें हुए कहा कि पुराने भोपाल में 24 घंटे खुले काजी कैंप, लक्ष्मी टॉकीज, बुधवार, चौकी इमामबाड़ा, मंगलवारा, सब्बन चौराहा, जिंसी मार्केट खुले रहते है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गुमास्ता एक्ट लागू है। परंतु 15 माह की कमलनाथ सरकार के समय भोपाल उत्तर में कांग्रेस विधायक होने के कारण एक्ट का सही तरीके से पालन नहीं हुआ। नए भोपाल में हमेशा गुमास्ता एक्ट का पालन होता है परंतु पुराने भोपाल में एक्ट का कभी पालन नहीं किया जाता है।

श्री शर्मा ने कहा कि नए और पुराने भोपाल में एक समान कानून होना जरूरी है। समान कानून नहीं होने के कारण युवा पीढी में नशे की लत लग रही है। बच्चों पर गलत प्रभाव पड रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे मुस्लिम और हिन्दु समाज के अभिभावकों ने पत्र लिखा जिसमें कहा गया कि बेटा रात भर घर नहीं आता है। नशे की लत ने परिवार को बिखेर दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा बनाए गए दो कानून को भाजपा नहीं चलने देगी। भोपाल कलेक्टर से मिलकर ज्ञापन सौंपा कि सभी बाजार रात्रि 10 बजे तक बंद होना चाहिए। भोपाल उत्तर के कांग्रेस विधायक के समर्थकों द्वारा भाजपा के कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया जा रहा है। इरफान बच्चा का बेटा सोनू बच्चा पर कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिस पर मामूली धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस मामले में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर से मिलकर गुंडे बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करेंगे।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, चेतन भार्गव, राजेंद्र गुप्ता, राकेश कुकरेजा, राजेश कन्नौजिया, शैलेश साहू, अभय पंडित, विकास सोनी, महेश मकवाना, श्री विष्णु राठौर आदि मौजूद रहे।

# एमपी ट्रांसको के इंजीनियर्स नयी तकनीक अपनाएं : दुबे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने कहा कि एम.पी. ट्रांसको के इंजीनियरों ने अपने अथक परिश्रम से एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी को देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनाया है। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको ने अनेक नवाचार किए हैं, जिसमें ड्रोन द्वारा ट्रांसमिशन टॉवरों की पेट्रोलिंग जैसे कार्य शामिल हैं। इसे समूचे देश में सराहना मिली है। एम.पी. ट्रांसको द्वारा प्रदेश के महानगरों में सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि की कमी को देखते हुए कम स्थान में जीआईएस सबस्टेशन बनाये जाने के निर्णय को उचित बताते हुए कहा कि आने वाले समय में जीआईएस सबस्टेशन के साथ अंडर ग्राउंड सबस्टेशन ही विकल्प रह जायेगा। श्री दुबे ने यह बात जबलपुर में एम.पी. ट्रांसको की समीक्षा बैठक में कही। श्री दुबे ने एम.पी. ट्रांसको के इंजीनियरों का आव्हान किया कि वे अपनी उपलब्धियों एवं नवाचारों को राष्ट्रीय फोरम में रखें। सिस्टम में ज्यादा से ज्यादा नवाचार करने के साथ नयी तकनीकों का भी समावेश करें, जिससे ट्रांसमिशन सिस्टम समय के साथ अपग्रेड होता रहे। उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों की ट्रिपिंग और पावर ट्रांसफार्मर फेल्यूर की समीक्षा भी की। ट्रांसमिशन एलीमेंट की सतत् निगरानी और उनके त्वरित सुधार के निर्देश दिए। बैठक में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कंपनी की वर्तमान गतिविधियों से अवगत कराया।

# नानाजी देशमुख के रचनात्मक कार्यों का प्रतिबिंब है ग्रामोदय विश्वविद्यालय : शुक्ल

## उपमुख्यमंत्री बाले ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सतत विकास के लिए अपेक्षित सहयोग होगा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भारतरत्न राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख का महामानव के रूप में स्मरण करते हुए कहा कि नाना जी देशमुख ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट की संकल्पना और स्थापना की थी। यह विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार देने का उत्कृष्ट केंद्र भी है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के इस परिसर में आने में एक विशेष प्रकार की ऊर्जा मिलती है। नानाजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के क्षेत्र को नई दिशा दी जा सकती है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल का महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर ग्रामोदय परिवार की ओर से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है कि नानाजी देशमुख के सद्प्रयासों से इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उच्च शिक्षा के प्रकाश को देश-विदेश में प्रकाशित कर रहे है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सतत विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में स्वयं ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस आकर प्राध्यापको, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से विचार मंथन कर अपेक्षित सहयोग करेंगे। कुलसचिव प्रो आर.सी. त्रिपाठी, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का नगर आगमन पर स्वागत

**रीवा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के उपमुख्यमंत्री बनने के उपरांत प्रथम बार गृह नगर रीवा आगमन हुआ। प्रथम नगर आगमन पर शुक्ल का जगह -जगह विभिन्न संगठनों एवं बड़ी संख्या में आम जनों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत अभिनंदन किया गया। उपमुख्यमंत्री शुक्ल के चित्रकूट से सतना होकर रीवा पहुंचने पर रीवा जिले की सीमा में चोरहटा में गुरुकुल विद्यालय के समीप चौहान ढाबा के समीप, बायपास तिराहा, दुर्गा माता मंदिर के समीप, चोरहटा बस्ती में, विंध्य प्राइड कॉलोनी गेट पर, चोरहटा थाना के समीप, गोडहर में निर्मल सिटी गेट के समीप, रेलवे फ्लाई ओवर, ट्रांसपोर्ट नगर पडरा, जेपी मोड तथा बीजेपी कार्यालय व वार्ड 5 ढेकहा, पद्मधर कालोनी गेट ढेकहा, इको पार्क के पास सहित विभिन्न मार्ग में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का पुष्प गुच्छ, गज माला और ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।





**भोपाल। यातायात पुलिस द्वारा डीपीएस स्कूल में यातायात जागरुकता और रोड सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों के साथ साथ स्कूल बसके चालक और स्टाफ को विक्रम सिंह रघुवंशी, संजय सोमानी द्वारा जानकारी दी गयी। जिन बच्चों ने सवालों का सही जवाब दिया उन्हें पुरस्कार भी दिए गए। इस कार्यक्रम में मुक्ता शर्मा, बिंदु माथुर, सोनम व नंदनी विशेष रूप से उपस्थित रहे**

## भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले हर दिन उमड़ रही भीड़

# प्लेबैक सिंगर ज्योति ठाकुर बिखेरेगी अपनी आवाज का जादू

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार को प्लेबैक सिंगर ज्योति ठाकुर अपनी आवाज का जादू बिखरेगी। ज्योति ने कई देशों में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर देश का नाम रोशन किया है। बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। एमटीवी और नाईन ऐक्स एम चैनल का वायरल सॉंग वन इन मिलियन , कजरा मोहब्बत वाला , में तेनू समझावा जैसे सॉंग जिनको लोगों ने खूब पसंद किया यू ट्यूब पर 9:5 मिलियन व्यूज़ लाकर खूब चर्चा बटोरी ।

मेला अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया के मेले में रोजाना लाखों की संख्या में शहर वासी परिवार के साथ मेला देखने पहुंच रहे है। महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेल में 450 से ज्यादा स्टाल लगाए गए हैं।



इन स्टालों में विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध है। राम ने बताया कि शहरवासियों को एक ही परिसर में सभी तरह की सामग्री उपलब्ध है। यहां घरेलू सामनों के लिए विभिन्न दुकानों के साथ ही सेल लगाए गए हैं। साथ ही खान-पान के स्टालों पर प्रदेश के विभिन्न अंचलों के साथ ही अलग-अलग राज्यों के व्यंजन चखने को मिल रहे हैं।

मेले में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड लगाए गए हैं। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरे से लैस है। पुलिस चौकी, अस्पताल सहित अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था है। साथ ही मेला समिति द्वारा व्यवस्था बनाने के साथ ही चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, महेंद्र नामदेव, मो. जाहिद खान, दीपक बैरागी, देंवेंद्र चौकसे, शैलेंद्र सिंह जाट, मो. रेहान, मंत्री चंदन वर्मा, विनय सिंह, अखिलेश नागर, केश कुमार शाह, आफताब सिद्धकी, मधु भवनानी, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, सहमंत्री सुनील वैष्णव, वाहिद खान, गौरव जैन, सुभाष दरवई सहित मेला समिति समिति से जुड़े अन्य लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## एम्स में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन और नवाचार और विशेषज्ञता का संगम

भोपाल। इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स द्वारा 16 और 17 दिसंबर, 2023 को एम्स भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है । इस सम्मलेन में अपने-अपने क्षेत्र के दिग्गज अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 6 जबकि राष्ट्रीय स्तर के 27 वक्ताओं के शामिल होने की सम्भावना है। सम्मलेन में लगभग 600 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। इस दो दिवसीय संगोष्ठी का मुख्य विषय रेडियोलॉजिकल सेवाओं के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका से सम्बंधित है। रेडियोलॉजी में तकनीकी प्रगति के विषय को अपनाते हुए, सम्मेलन का उद्देश्य तकनीकी सेवाओं में नवाचारों का पता लगाना, उभरते तौर-तरीकों पर गहराई से विचार करना और प्रौद्योगिकीविदों द्वारा अपनाई जाने वाली लगातार विकसित हो रही तकनीकों को उजागर करना है। इसके अलावा, क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अनुप्रयोगों की भूमिका की भी चर्चा की जाएगी । सम्मेलन के दौरान संबोधित किए जाने वाले प्रमुख विषयों में विकिरण सुरक्षा, विकिरण डोज़ अनुकूलन, डोज़ कम करने की तकनीकों में प्रगति और अन्य प्रासंगिक विषय शामिल हैं। इन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा को बढ़ावा देकर, सम्मेलन का उद्देश्य विकिरण सुरक्षा उपयोग से संबंधित नीतिगत निर्णयों के साथ, रोगी स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान देना है।

मध्यप्रदेश शासन

# मोदी जी की गारंटी

## यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी

## "हर संकल्प पूरा करने को प्रतिबद्ध" - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

### मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में उल्लेखित कुछ प्रमुख संकल्प



#### सशक्त नारी

- पात्र बहनों को आर्थिक सहायता एवं पक्का आवास
- 15 लाख महिलाओं को लखपति योजना में कौशल प्रशिक्षण देकर बनायेंगे लखपति
- लाड़ली लक्ष्मियों को 21 वर्ष तक कुल ₹ 2 लाख
- पात्र बहनों को ₹ 450 में गैस सिलेण्डर
- बीपीएल परिवार की बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

#### समृद्ध किसान

- किसानों को पीएम किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में ₹ 12,000 की प्रतिवर्ष सहायता
- ₹ 2700 प्रति क्विंटल गेहूं एवं ₹ 3100 प्रति क्विंटल धान की खरीद, बोनस भी

#### जनजातीय कल्याण

- ₹ 3 लाख करोड़ से जनजातीय समुदाय का सशक्तिकरण
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़कर होगी ₹ 4,000 प्रति बोरा
- हर एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय
- एसटी बहुल मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट एवं सीधी जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- ₹ 100 करोड़ से पूजा स्थलों का विकास एवं नवीनीकरण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

#### सुशासन एवं कानून व्यवस्था

- कमिश्नर प्रणाली भोपाल एवं इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में होगी लागू
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का निर्माण

#### सबका साथ, सबका विकास

- 5 वर्षों तक मिलता रहेगा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ
- प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना में पक्के आवास
- वरिष्ठ एवं दिव्यांग जन को ₹ 1500 मासिक पेंशन
- गिग वर्कर्स के कल्याण एवं अधिकारों के लिए बोर्ड
- पीएम विश्वकर्मा योजना में पारंपरिक कारीगरों को ₹ 15 हजार की वित्तीय सहायता, ₹ 500 दैनिक भुगतान
- असंगठित श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल, आयुष्मान भारत का 100% पंजीकरण

#### उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा

- गरीब परिवारों के छात्रों को कक्षा 12 तक मुफ्त शिक्षा
- मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता भी
- हर संभाग में IIT की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- हर परिवार में कम से कम एक युवा को रोज़गार-स्वरोज़गार
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में कौशल प्रशिक्षण एवं ₹ 10 हजार तक स्टाइपेंड
- हर जिले में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

#### स्वस्थ प्रदेश

- आयुष्मान योजना में ₹ 5 लाख से ऊपर खर्च होने पर प्रदेश सरकार उठाएगी इलाज का खर्च
- ₹ 20,000 करोड़ से सुचारु होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं
- हर संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की स्थापना
- हर संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज एवं 2,000 मेडिकल सीटों की वृद्धि

#### सुदृढ़ आधारभूत संरचना

- क्षेत्रीय विकास के लिए बुंदेलखंड, विंध्य एवं महाकौशल विकास बोर्ड
- अटल गृह ज्योति योजना में ₹ 100 में 100 यूनिट बिजली
- विंध्य एक्सप्रेसवे, नर्मदा पथ, अटल प्रगति पथ, मालवा-निमाड़ पथ, बुंदेलखंड पथ एवं मध्य भारत विकास पथ का निर्माण
- 80 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण
- वंदे मेट्रो एवं वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का विस्तार
- रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल में हवाई अड्डे
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में मेट्रो रेल

#### सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन

- संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी का स्मारक निर्माण एवं ₹ 150 करोड़ से धरोहर संरक्षण मिशन शुरु करके ऐतिहासिक स्मारकों का नवीनीकरण
- सभी जनजातीय नायकों के भव्य स्मारकों का निर्माण
- 13 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण
- नमामि नर्मदे परियोजनाएं शीघ्र होंगी पूर्ण
- ₹ 7,500 करोड़ के निवेश के साथ 2 लाख युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षण, रोज़गार तथा स्वरोज़गार के अवसर

#### प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास

- अगले 7 वर्ष में प्रदेश को ₹ 45 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनायेंगे
- ₹ 20 लाख करोड़ का निवेश लाकर प्रति व्यक्ति आय करेंगे दोगुनी
- एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण कर 4.50 लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर
- 10 नए एमएसएमई क्लस्टरों का निर्माण एवं ₹ 5 हजार करोड़ के निवेश के साथ एमएसएमई उद्योगों को न्यूनतम दर पर ऋण

**एमपी के मन में मोदी**

D-11154/23

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023